तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 5 जनवरी 2025



12 सालभर में 2.88 लाख को 108 संजीवनी ने पहुंचाया...





13 गांव को स्वच्छ बनाये रखने ग्रामीणों ने ली शपथ







## मां सियादेवी का मनोरम जलप्रपात और घना वन लुभा रहा पर्यटकों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

### पर्यटकों को भा रही झरने की समधुर आवाज





प्रकृति की गोद में स्थित मां सियादेवी नारागांव, बालोद जिले के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में जाना जाता है। यह स्थान प्राकृतिक जलप्रपात, घने वन, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल के रूप में काफी प्रसिद्ध है। यहां प्रतिदिन आने वाले पर्यटक मां सियादेवी का आशीर्वाद लेने के साथ ही प्रकृति की खूबसूरती से भरपूर इस स्थान का आनंद उठाते हुए अपना एक दिन सफल करते हुए बहुत सी खूबसूरत यादों को समेट कर वापस यहां लौटने की इच्छा लेकर जाते हैं। इस स्थान ने अपनी प्राकृतिक सुंदरता से छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बनाई है। बालोद जिले के ग्राम नारागांव के समीप स्थित यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। यहां चारों ओर घने जंगल हैं, तो वहीं प्राकृतिक झरने की समधुर आवाज एक रोमांच पैदा कर देती है। सियादेवी जलप्रपात बारिश के दिनों में जब यहां पानी की मात्र अत्यधिक होती है, अपने रौद्र रूप में नजर आता है, जलप्रपात से गिरने वाले पानी की आवाज और दृश्य का संगम इस जगह को पर्यटकों के लिए बहुत ही रोमांचकारी बना देता है।

सियादेवी मंदिर के पुजारी नानिक राम कोर्राम ने इस स्थान के बारे में प्रचलित मान्यता के बारे में बताया कि वनवास काल में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण, देवी सीता को ढूंढते हुए यहां आए थे। उनकी निष्ठा के परीक्षण के लिए माता पार्वती ने माता सीता के रूप में भगवान ▶▶| शेष पेज 13 पर

### खबर संक्षेप

### भाजपा जिला अध्यक्ष की घोषणा आज

**बालोद।** जिला भाजपा को आज नया जिला अध्यक्ष मिलेगा। जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं से रायसुमारी के बाद जिला अध्यक्ष के नामों का पैनल प्रदेश स्तर पर भेजा गया था, अब जिला अध्यक्ष के नाम घोषणा की तिथि तय कर दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश एवं प्रदेश प्रवक्ता, संगठन चुनाव जिला अधिकारी नीलू शर्मा की उपस्थिति में 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व के अंतर्गत अध्यक्ष बालोद के निर्वाचन की घोषणा एवं वर्तमान मंडल अध्यक्षों व नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। महामंत्री भाजपा राकेश यादव, चेमन देशमुख ने बताया इस कार्यक्रम में जिले में निवास नेता, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, पूर्व विधायक, निर्वितमान जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश, जिला के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जमरूवा में 30 वर्षीय महिला संतोषी देवांगन ने फांसी लगाकर



आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में जुटी है। बताया गया है जिस महिला ने फांसी लगाई उसके पहले ही पति डोमेंद्र देवांगन धान बेचने गया था, जब वह वापस घर लौटा तो उन्होंने अपनी पत्नी को फंदे पर लटके देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। पूरी घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। महिला के दो बच्चे हैं। महिला ने आत्महत्या क्यों की अभी कारण अज्ञात है।

### सिन्हा कलार समाज की सामाजिक बैठक आज

**बालोद/कलंगपुर।** छत्तीसगढ़ ड़ड़सेना सिन्हा कलार समाज तहसील इकाई गुण्डरदेही की सामाजिक बैठक ग्राम सलौनी (माहुद) में 5 जनवरी को रखी गई है, जिसमें गुण्डरदेही मंडलेश्वर मिलन राम सिन्हा व जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए मंडल सचिव लोकमान्य सिन्हा ने सामाजिकजनों को उपस्थित होने की अपील की है।

### मानव सम्मेलन का समापन आज

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम अन्नूटोला में इस वर्ष भी दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 4 जनवरी को दोपहर 12 बजे अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। इस दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

### हादसा : सड़क किनारे झाड़ी में बेहोश व घायल अवस्था में मिला था

## हादसे में घायल अधेड़ ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम देवारभाट के पुरषोत्तम नरेटी 52 वर्ष 30 दिसंबर की सुबह 5 बजे घर से राइस मिल काम में जाने के लिए सायकिल से निकला था, जो राइस मिल न पहुंचकर सड़क किनारे झाड़ी में बेहोश व घायल अवस्था में मिला। उसकी सायकिल भी कुछ दूरी में क्षतिग्रस्त मिली थी, जिसकी चार दिन बाद 3 जनवरी को निधन हो गया। जानकारी अनुसार ग्राम देवारभाट के पुरषोत्तम नरेटी जब काम करने निकला तो रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से वह घायल और बेहोश हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोंट आई थी। अज्ञात वाहन की ठोकर इतनी जबरदस्त रही होगी कि सायकिल सवार व्यक्ति लगभग सड़क से थोड़ी दूर झाड़ी में जा गिरा था। जिसमें 2 जनवरी को उनकी बेटी उर्वसी नरेटी द्वारा बालोद थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ धारा 125 ए, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।



### मालवाहक की ठोकर से बाइक सवार भाई-बहन गंभीर

**बालोद।** परीक्षा दिलाकर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक-युवती को पारागांव नाला के पास सामने से आ रहे आईचर वाहन ने टक्कर मार दी। ग्राम साल्हे (कच्चे) निवासी शिक्षक सुखनंदन पद्दा ने बताया कि 10 दिसंबर को मेरा लड़का नितेश पद्दा अपने मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 24 टी 9746 से अपनी बहन राहिका सलाम को मोटर सायकिल में बैठाकर परीक्षा दिलाने रायपुर गये थे, जो वापस दुर्ग होते आ रहे थे कि पारागांव नाला के पास आईचर वाहन क्रमांक टीएस 08 यूबी 4952 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार नितेश पद्दा और राहिका सलाम को चोंट आयी है। वहीं राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उचित इलाज के लिए दुर्ग के निजी अस्पताल में भर्ती कराये है। मामले में 4 जनवरी को प्रार्थी द्वारा शिकायत के बाद बालोद थाने में आईचर वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए) 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चार पहिया वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी गंभीर

**बालोद।** ग्राम झीका और खपरी के बीच अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इस घटना में पति पत्नी दोनो घायल हो गए। ग्राम झींका निवासी शीतल यादव ने बताया कि 8 दिसंबर को मामा श्रवण यादव, मामी आरती यादव ग्राम हल्दी तथा फलबाई यादव मोटर सायकिल सीजी सीजी 07 एलजेड 8105 से अर्जुंदा से झींका आ रहे थे, तभी रात में ग्राम झींका खपरी के बीच पहुंचे थे, उसी समय झींका की ओर से एक अज्ञात चार चक्का वाहन के चालक जो अर्जुन्दा तरफ आ रहा था, द्वारा मेरे मामा की मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 07 एलजेड 8105 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मामा और मामी को चोट आयी है, जिन्हें राजनांदगांव अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद एम्स अस्पताल रायपुर में भर्ती किये है। इलाज कराने चले जाने के कारण 2 जनवरी को अर्जुन्दा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई, वहीं अर्जुन्दा पुलिस ने अज्ञात चार चक्का वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(एं), 281 बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है।

## महिला का मंगलसूत्र खींचकर ले भागा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मेला मड़ई में न सिर्फ मेहमानों का आगमन होता है, बल्कि बाहर से दुकानदार व अन्य ग्रामों के मेला घुमने वाले भी ग्रामों में पहुंचते हैं, लेकिन इन सबके बीच चोर व असामाजिक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं, जो अपने चोरी के कार्य के साथ माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते रहते हैं। एक ऐसा ही मामला ग्राम हिरापुर का सामने आया है, जहां रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर ने महिला के मंगलसूत्र की चोर कर ली। ग्राम हिरापुर में मड़ई के अगले दिन घर से बाहर कचरा फेकने निकली महिला के गले से एक अज्ञात चोर ने मंगलसूत्र को खींचते हुए खेतों के रास्ते भाग गया।



- ग्रामीणों ने किया पीछा, लेकिन चोर अंधेरा का फायदा उठाते हुए हुआ नौ दो ग्यारह

बताया जा रहा है कि ग्राम हिरापुर निवासी रमशीला साहू पति शत्रुहन साहू जो कि 3 जनवरी को शाम 7 बजे अपने घर के कचरे को घर से बाहर फेकने के लिए निकली तथा घर से निकलकर कुछ कदम ही आगे बढ़ी थी, कि अचानक से एक अज्ञात चोर ने मौका देख गले में पहने मंगलसूत्र को खींचकर भाग गया। चोर के झपटमार मारने से महिला वहीं पर गिर गई, जब तक महिला कुछ समझ पाती, तब तक चोर वहां से रफूचक्कर हो गया, जिसका पीछा कुछ ग्रामीणों द्वारा किया गया, लेकिन चोर अंधेरे का सहारा लेते हुए खेतों के रास्ते भाग निकला। महिला द्वारा पहने गए मंगलसूत्र की कीमत लगभग 30 हजार के आस पास की बताई जा रही है, लेकिन घटना की शिकायत अभी तक थाने में नहीं की गई है। बता दें कि ग्राम हिरापुर में लगभग 32 कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीण सुरक्षित नहीं है और चोर व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है। इसके पूर्व भी ग्राम में कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है, लेकिन इन घटनाओं के अपराधियों को आज तक पुलिस नहीं पकड़ पाई और जिससे न सिर्फ पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि ग्राम में लगे सीसीटीव्ही कैमरे भी शो पीस साबित हो रहे हैं।

## पत्रकार की हत्या, संघ ने की निंदा, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद संघ का इस घटना को लेकर चौतरफा विरोध देखा जा रहा है। घटना के विरोध में बालोद जिला प्रेस क्लब ने कड़ी निन्दा करते हुए शनिवार को कैंडल मार्च निकाला। इस कैंडल मार्च में बालोद जिले के पत्रकारों के अलावा चैंबर आफ कामर्स, जिला अधिवक्ता सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बालोद जय स्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा यह घटना पत्रकारों के लिए स्तब्ध करने वाली एवं बेहद दुखद है। बस्तर में पत्रकारिता हमेशा से चुनौतियों से भरी रही है, लेकिन ताज़ा घटना ने बता दिया है कि एक भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ़ आवाज़ उठाने की क़ीमत जान दे कर चुकानी होती है। कैंडल मार्च के बाद जिला प्रेस क्लब बालोद ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग की है कि इस हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठन की जाए और हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें फांसी दी जाए। वहीं पत्रकार मुकेश चंद्राकर को शहीद का दर्जा दिया जाए, उनके परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। पत्रकार संघ ने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की है कि बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा–निर्देश जारी हो। घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों को आये दिन झूठे मामले में फंसाना, ▶▶| शेष पेज 13 पर

- हत्यारों को कड़ी सजा दिलाने पत्रकार संघ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## राजस्व रिकार्ड सुधरवाने ग्रामीण ने कलेक्टर को सौंपा तीन बिंदुओं का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चुरामन सिंह पिता रामप्रसाद जाति राउत निवासी ग्राम दुबचेरा तहसील डौण्डीलोहारा ने तीन विषयों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें न्यायालय तहसीलदार डौण्डीलोहारा में प्रस्तुत नामांतरण में हल्का पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन पंचनामा प्रस्तुत करने करने की शिकायत करते हुए राजस्व अभिलेख में बी-1 में त्रुटिसुधार करने व आवेदक को राजस्व अभिलेख बी-1 में नाबालिग विलोपित कर बालिग दर्ज करने की मांग की गई है। आवेदक ने बताया की उक्त संबंध में उसके द्वारा पटवारी दुबचेरा से संपर्क कर पटवारी द्वारा उसके आवेदन पर



ध्यान न देकर बार-बार आफिस बुलाकर पटवारी द्वारा कार्य नहीं करने के साथ जहां से कराना है करा लेने की बात कह दी जाती थी, जिसके कारण वह मानसिक व आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और त्रुटिपूर्ण राजस्व अभिलेख के कारण वह व उसका परिवार शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है। पटवारी लोकेश साहू का कहना है कि हितग्राही के बताए अनुसार दस्तावेज में सुधार कार्य हुआ है, उसमें त्रुटि हुई होगी तो आगे सुधार करूंगा।

### गोंड़वाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक आज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक 5 जनवरी को सिवनी स्थित नव निर्मित गोंडवाना भवन में दोपहर 12.30 बजे रखी गई है, जिसमें जिला स्तर पर वार्षिक अधिवेशन करने पर चर्चा, विगत बैठक के निर्णयों की समीक्षा, पेबैंक टू सोसायटी पर चर्चा व अन्य समसामयिक विषय पर चर्चा की जावेगी। उक्त बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी एवं बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडी लोहारा, दल्लीराजहरा, डौंडीं व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी और समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तथा युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने दी।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


### ग्रामीणों का आरोप शासकीय भूमि पर बनाया गया है अवैध कॉम्प्लेक्स

## बस स्टैंड से लगी जमीन व मकान का हो सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नाहंदा के सैकड़ों ग्रामीणों ने बस स्टैण्ड नाहंदा के पास स्थित एक व्यक्ति के जमीन एवं मकान का सीमांकन करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा नाहंदा बस स्टैण्ड में लगा हुआ व्यक्ति का खेत खसरा नंबर 1201 रकबा 0.35 हे. का सीमांकन किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन के बगैर अनुमति एवं कृषि भूमि को बगैर डायवर्सन कराये खेत में मकान तथा शासकीय भूमि पर अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है, जो गलत है। उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।



ग्रामीणों का दावा है कि उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध काम्पलेक्स बनाया गया है जो शासकीय भूमि में है, उसे तोड़ा जाए। ग्रामीणों व महिलाओं की मांग के आधार पर जनहित को ध्यान देते हुए ग्राम पंचायत नाहंदा द्वारा बस स्टैण्ड में शासकीय भूमि पर बोर खनन कार्य पूर्व में किया गया है। वर्तमान में बस स्टैण्ड नाहंदा शासकीय भूमि में शौचालय निर्माण कार्य के लिए शासन से राशि स्वीकृत है। शौचालय एवं बाथरूम निर्माण होने से उक्त व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा, उक्त निर्माण कार्य में उक्त व्यक्ति द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डाला जा रहा है तथा वर्तमान में निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है एवं तहसीलदार देवरी द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया है जो उचित नहीं है, स्थगन आदेश को तत्काल हटाया जाए।

ग्रामीणों ने मांग की है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर जांच की जाए एवं अवैध निर्माण काम्पलेक्स को तोड़ा जाए तथा उक्त व्यक्ति पर उचित कार्रवाई की जाए। मांग पूर्ण नहीं होने पर ग्रामवासी द्वारा आठ दिवस के बाद बस स्टैण्ड नाहंदा में चक्काजाम करने की बात कही है।

### पुरूर में मड़ई 8 से, राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन होगा

**गुरूर।** ग्राम पुरूर (मिर्रिटोला) में मड़ई मेला 8 जनवरी को रखा गया है एवं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए डीके देशमुख कृत छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक समिति चिन्हारी का कार्यक्रम होगा। 10 और 11 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले के ख्याति प्राप्त मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। प्रथम दिवस 10 जनवरी को श्री राजीव लोचन मानस ▶▶| शेष पेज 13 पर


हरिभूमि

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### फायर सेफ्टी ऑडिट की डील कैंसिल, कई अफसरों को नोटिस

**रायपुर।** अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराने एनजीओ से हुई डील सीजीएमएससी ने निरस्त कर दी है। एमडी ने इस मामले में दवा कार्पोरेशन के कई अफसरों को नोटिस भी जारी किया है। दिए गए ठेके के अनुसार इस निशुल्क काम के लिए सीजीएमएससी एनजीओ को भुगतान करने वाली थी। एमडी सीजीएमएससी पद्मिनी भोई साहू ने इस मामले में आदेश जारी किया है। मामला सरकारी अस्पतालों में फायर ऑडिट से संबंधित था। पूर्व में यह काम अग्निशमन विभाग द्वारा निशुल्क में किया जाता है, जिसे दवा कार्पोरेशन द्वारा निजी एजेंसी से कराने की तैयारी की जा रही थी। इसके माध्यम से बड़ा घपला होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। मामले का खुलासा होने के बाद इस प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया। साथ ही इसके लिए जीएम प्रशासनिक, जीएम उपकरण, सुप्रिटेंडेंट और एग्जिक्यूटिव इंजीनियर तथा अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम में श्रीमद भागवत कथा



**रायपुर।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा में 'रास पंचध्यायी' पर प्रवचन देते हुए वृंदावन से पधारे पं. अखिलेश शास्त्रीजी ने कहा कि भागवत भक्ति का ग्रंथ है। भक्ति क्या है? मन में कोई अभिलाषा न रख कर किया गया भजन भक्ति है। संसार के लोग भजन का फल पुत्र, संपत्ति आदि मांगते है तो वह भक्ति नहीं होगी, हमारी इच्छा पूर्ण होती है, किंतु हम भगवान की भक्ति और आनंद से वंचित हो जाते हैं। संत सर्व समर्थ होते हैं, वे नास्तिक को भी आस्तिक बना देते हैं। भगवान का नाम संत सदा जपते रहते हैं।

### मानव सेवा दल ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रायपुर।** सदगुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नववर्ष के उपलक्ष्य में मानव सेवा दल जिला रायपुर द्वारा बूढ़ातालाब (विवेकानंद सरोवर) में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि गुरु नारायण यादव डीएसपी पुलिस मुख्यालय रायपुर, विशेष अतिथि द्रोणी कुमार पैकरा मुख्य कार्यपालन अभियंता जोन क्रमांक-1 नगर निगम रायपुर, संतोष सोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष सदर बाजार मंडल रायपुर, व वीरेंद्र चंद्राकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक-4 नगर निगम रायपुर तथा दीप्ति बाई स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अध्यक्षा के रूप में उपस्थित रहे। स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयकारे के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों का स्वागत संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीफल एवं संस्था की पत्रिका हंसादेश देकर किया गया।

# उधार में होंगे खेल...मांगे थे 5 लाख, मिले 79 हजार, चॉक-डस्टर का बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के स्वामी आत्मानंद विद्यालय नए साल में भी संकट से उबर नहीं पाए हैं। आत्मानंद विद्यालयों द्वारा रख-रखाव सहित सालभर होने वाली गतिविधियों के लिए पांच लाख रूपए शासन से मांगे गए थे, लेकिन उन्हें सिर्फ 79 हजार रूपए ही मिल सके हैं। दिसंबर अंत में उन्हें ये राशि जारी की गई थी। इस राशि से वे उधार में खरीदे गए चॉक-डस्टर सहित अन्य अध्ययन सामग्री का बिल भी नहीं भर सके हैं। विद्यालयों में 10 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। वहीं 20 जनवरी से प्री बोर्ड शुरू हो जाएंगे। जनवरी से परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाता है, इसलिए दिसंबर माह में भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार जिले के किसी भी आत्मानंद विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन नहीं किया जा सका है। पैसे नहीं होने की स्थिति में इसकी संभावना भी नजर नहीं आ रही है। राजधानी के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्यों का कहना है कि उनके द्वारा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व से चॉक-डस्टर, साफ-सफाई, मेंटेनेंस सहित सहित अन्य कार्य उधार पर कराए जा रहे थे। जो पैसे मिले हैं, उससे पूरी तरह से उधारी ही बकाया नहीं हो पाया है।

- आत्मानंद विद्यालयों को मिलती रही है 5 लाख रूपए की आकस्मिक निधि
- छात्रों से नहीं ली जाती है फीस, इस कारण मेंटेनेंस का संकट




### खेल सामग्री उधार खाते से

विद्यालयों में एक पीरियड खेल का भी होता है। इसमें शतरंज, फूटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, टेनिस सहित कई तरह के खेल शामिल रहते हैं। इसके लिए खेल सामग्री भी विद्यालयों द्वारा दुकान से उधार में ली गई है। बच्चे उधार की सामग्री से ही खेल रहे हैं। इसके भरोसे ही वे जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। कुछ पैसे समग्र शिक्षा से आत्मानंद विद्यालयों को मिले थे, लेकिन छात्र संख्या को देखते हुए वे भी अपर्याप्त साबित हुए। कुछ विद्यालय उधार की सामग्री से ही खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं।

### इसलिए मांग रहे आकस्मिक निधि

शासकीय विद्यालयों में नवमी और दसवीं कक्षा के लिए 415 रुपए फीस निर्धारित है। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए 445 रुपए फीस ली जाती है। इसके लिए अलावा विद्यालयों द्वारा शाला विकास निधि ली जाती है। प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में यह भिन्न-भिन्न होती है, लेकिन सामान्यतः विद्यालयों में यह राशि एक हजार रूपए से अधिक नहीं होती है। छात्रों से प्राप्त होने वाली शाला विकास की इस राशि से विद्यालय के वार्षिकोत्सव सहित अन्य आयोजन किए जाते हैं। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में इस तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इसलिए पिछली सरकार में शासन द्वारा 5 लाख रूपए प्रत्येक आत्मानंद विद्यालय को आकस्मिक निधि प्रदान की जाती थी। इससे ही विद्यालय का मेंटेनेंस संबंधित संपूर्ण खर्च निकलता था।

## हत्याकांड मामले में पुलिस अब तक शार्ट पीएम रिपोर्ट नहीं मिलने की बात कह रही

# दोहरे हत्याकांड में बेटी के साथ गैंगरेप की आशंका, पुलिस के हाथ अब तक खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

धनेली में मां-बेटी दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। सूत्रों के मुताबिक बेटी के साथ गैंग रेप करने के बाद बदमाशों ने हत्या की है। मां-बेटी की हत्या की टाइमिंग को लेकर भी पुलिस उलझी हुई है। बेटी की हत्या पहले की गई या मां की, पुलिस इसकी भी गुत्थी सुलझाने की कोशिश कर रही है। घटना स्थल के पास किसी भी तरह का सीसीटीवी कैमरा नहीं होने की वजह से हत्यारों की पतासाजी करने पुलिस मुखबिरों की मदद ले रही है।

गौरतलब है कि 31 दिसंबर की रात धनेली में इंदिरा आवास में रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला तथा उनकी बेटी की हत्या कर दी गई थी। घटना के दूसरे दिन महिला की नाबालिग बेटी की लाश खमतराई थाना क्षेत्र में एक नाली में मिली थी। दूसरे दिन महिला की लाश घर में मिलने के बाद खमतराई में मिली किशोरी की लाश की पुष्टि हुई। घटना के बाद धरसींवा के साथ खमतराई थाने की पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में पुलिस को किसी भी तरह की मदद नहीं मिली।

### संदेहियों की भी पहचान नहीं

हत्या की घटना में जिनके शामिल होने की आशंका पुलिस को थी, उसमें भी पुलिस के हाथ खाली रहे। जिन लोगों पर पुलिस को हत्या का संदेह था, वह निराधार निकला। हत्या स्थानीय लोगों ने की है या किसी बाहरी ने, इसे लेकर भी पुलिस उलझी हुई है।

### घटना स्थल पर किसी भी तरह के सीसीटीवी फूटेज नहीं मिलने पर पुलिस मुखबिरों की ले रही मदद

### जांच में चार टीमें लगाई गईं

हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस की चार अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं। दो टीम धरसींवा तथा खमतराई थाने की है। इसके अलावा क्राइम ब्रांच की दो टीम हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी हुई है। क्राइम ब्रांच की एक टेक्निकल टीम हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी है। टेक्निकल टीम घटना दिनांक का मोबाइल डंप निकालने के बाद संदिग्ध नंबरों की पहचान कर रही है। इसके साथ ही जिस मार्ग पर किशोरी की लाश मिली है। उस मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की पुलिस पड़ताल कर रही है।


नाली में बेटी की लाश मिलने के दूसरे दिन घर में मिला मां का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/धरसींवा

धरसींवा स्थित धनेली में गुरुवार को एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। इसके एक दिन पूर्व खमतराई थाना क्षेत्र की नाली में मिली किशोरी की लाश की पहचान धनेली में मिली मृतका की बेटी के रूप में हुई है। मां और बेटी की हत्या कर बेटी की लाश धनेली से दो किलोमीटर दूर नाली में ले जाकर फेंकी गई है। हत्या की वजह क्या है, हत्या किन लोगों द्वारा की गई है, इस संबंध में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। मामले की जांच धरसींवा के साथ खमतराई तथा क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है।

- मामले की जांच दो थानों की पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम कर रही

धनेली में मिली महिला की पहचान हमीदा बेगम के रूप में की गई है। महिला अपनी बेटी के साथ रोड ऊपर बने मकान में रहती थी। महिला के पति की वर्षों पहले मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद हमीदा रोजी-मजदूरी कर अपना तथा अपनी बेटी का जीवन यापन कर रही थी। पुलिस को महिला के पड़ोसी ▶▶ शेष पेज 13 पर

गला घोंटने के बाद नस काटी गई

मौके की जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम ने पाया कि महिला की पहले गला घोंटकर हत्या की गई। इसके बाद उसके हाथों की नस काटी गई। हमीदा बेगम की बेटी की बुधवार को जो लाश मिली थी, उसकी कमर के पीछे की तरफ जख्म के निशान मिले थे। लाश अकड़ गई थी। मृतका के पड़ोसियों ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

मृतका पूर्व में रायपुर में रहती थी

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतका हमीदा की ससुराल रायपुर है। वह वर्षों पहले अपने पति के साथ रायपुर में रहती थी। पति की मौत के बाद महिला अपने मायका धनेली चली गई और वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान हासिल कर अपनी बेटी के साथ रहने लगी।

### संघर्ष के बाद हत्या


घटना स्थल के पास पुलिस को किसी तरह से संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। किशोरी के शरीर में लगे चोट के निशान के आधार पर पुलिस को हत्यारों के साथ किशोरी के साथ संघर्ष के बाद हत्या किए जाने की आशंका है। पुलिस अब इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्यारों ने किशोरी को किस तरफ ले जाकर मारा होगा। मारने के बाद किशोरी की लाश मौके पर छोड़कर भागने के बजाय किसी दूसरी जगह ले जाकर क्यों फेंका।

### शोर शराबा नहीं होने को लेकर कई तरह से संदेह

जिस मकान में महिला की लाश मिली है, उस मकान से सटे कई और मकान हैं। हत्या की वारदात में किसी तरह का शोर शराबा नहीं होने को लेकर पुलिस कई तरह से संदेह व्यक्त कर रही है। पुलिस को आशंका है कि हत्यारे मृतका के परिचित थे। परिचित महिला से मिलने आए होंगे। इसी दौरान उनके बीच विवाद हुआ होगा। विवाद होने की स्थिति में परिचित महिला की बेटी को दूर ले गए होंगे। इसके बाद महिला की गला घोंटने के बाद हाथों की नस काट दी होगी।

# सालभर में 2.88 लाख को 108 संजीवनी ने पहुंचाया अस्पताल ज्यादा केस रोड एक्सीडेंट के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




इमरजेंसी होने पर उपचार के लिए सालभर में 2.88 लाख लोगों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई गई है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपात स्थिति में मदद के लिए 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा का निशुल्क संचालन किया जा रहा है। इनमें 24 हजार से ज्यादा मामले रोड एक्सीडेंट से संबंधित हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा होने वाले विभिन्न हादसों में जख्मी होने वालों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी सेवा का संचालन किया जा रहा है। बीते साल वर्ष 2024 में इस निशुल्क एंबुलेंस सेवा के माध्यम से लगभग 2 लाख 88 हजार लोगों विभिन्न घटनाओं के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले रोड एक्सीडेंट के हैं जिनमें सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल पहुंचाया गया है, जिससे सही समय पर इनमें 90 फीसदी से अधिक लोगों की जान बचाने में सफलता मिली है।

- इमरजेंसी में मदद की खातिर स्वास्थ्य विभाग की निशुल्क सेवा

### बुखार-सिरदर्द में भी मदद

संजीवनी सेवा की मदद गंभीर के साथ सामान्य प्रकरणों में भी अस्पताल तक जाने के लिए लेने वालों की संख्या कम नहीं है। संजीवनी सेवा के पीआरओ अमित वर्मा ने बताया कि सर्दी, खांसी,चेस्ट पेन, बुखार, सिर दर्द, उल्टी- दस्त, एलर्जी, पीठ दर्द, डायरिया, फ्रैक्चर, बर्न, डायबिटिज सहित अन्य बीमारियों के 2.33 लाख लाभार्थियों को सेवा दी गई है।

### एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में संजीवनी सेवा की बड़ी भूमिका सामने आई है। कई बार तो स्थिति ऐसी भी बनी है कि पीड़ा अधिक होने एंबुलेंस को बीच रास्ते में रोककर प्रसव कराया गया। पांच साल में बीच रास्ते प्रसव के 858 मामले सामने आए हैं।

# राजिम कुंभ कल्प 12 फरवरी से 26 तक सीएम साय ने की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम में 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक कुंभ कल्प का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 52 एकड़ के नए प्रस्तावित मेला स्थल में होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन स्थित बैठक कक्ष में शुक्रवार राजिम कुंभ कल्प के तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने शाही स्नान, गंगा आरती, संत समागम समेत कुंभ कल्प के प्रमुख आयोजनों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं करने को कहा।

आस्था-संस्कृति का संगम- साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प 2025 धर्म, आस्था और संस्कृति का अद्भुत समागम होगा और यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का भी सुंदर माध्यम है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि श्रद्धालुओं को यहां अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हो और यह आयोजन हमारी गौरवशाली विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने राजिम कुंभ कल्प के आयोजन में शामिल समस्त विभागों और प्रशासनिक अमले को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी उपाय और स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान देने को कहा।


फाइल फोटो

- इस बार 52 एकड़ के नए स्थल पर लगेगा मेला
- गौरवशाली विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाएं

### 12 को पुन्नी स्नान, 26 को शाही स्नान

श्री साय ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस आयोजन को सफल बनाएं और छत्तीसगढ़ की पहचान के रूप में इसे स्थापित करें। उन्होंने 12 फरवरी को आयोजित माघी पुन्नी स्नान, 21 फरवरी जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम और 26 फरवरी को होने वाले शाही स्नान की तैयारी पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री श्री साय को अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से आयोजन स्थल में विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थानों के बारे में बताया। कुंभ कल्प में नागरिक सुविधाओं, साधु संतों के आवागमन, शाही स्नान और गंगा आरती को लेकर विभाग के तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

### साधु संतों का विराट संगम

राजिम कुंभ कल्प के संपूर्ण आयोजन के लिए पर्यटन विभाग को नोडल बनाया गया है। 15 दिनों तक चलने वाले इस कुंभ कल्प में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी साधु संतों का विराट समागम होगा। माघी पुन्नी स्नान, शाही स्नान, जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम विशेष रूप से आयोजित होगा। प्रतिदिन सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन, मेला, मड़ई, मीना बाजार और विभागीय प्रदर्शनी भी कुंभ कल्प का विशेष आकर्षण के रूप में शामिल हैं। बैठक में विधायक रोहित साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव धर्मस्व अन्बलगन पी., संचालक संस्कृति विवेक आचार्य, आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा, कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 2025-26 में स्नातक द्वितीय वर्ष और 2026-27 में बदलेंगे तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सत्र 2024-25 में स्नातक प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में बदलाव किए गए थे। अब इस दिशा में आगे कार्य करते हुए जुलाई से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम भी बदल दिए जाएंगे। इसके पश्चात अगले वर्ष सत्र 2025-26 में तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम में बदलाव होगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ये बदलाव किए जा चुके हैं अर्थात नवीन पाठ्यक्रम तैयार है। सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सिलेबस उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालयों द्वारा अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

पाठ्यक्रम तैयार करने वाले विशेषज्ञों के अनुसार, इसमें अधिक बदलाव नहीं किए गए हैं। गणित, विज्ञान और कॉमर्स संकाय में अधिक परिवर्तन संभव नहीं हो पाता है, क्योंकि इसके सूत्र, सिद्धांत और थ्योरी नहीं बदली जा सकती। समसामयिक चीजों को इसमें शामिल करते हुए छात्रों को दिए जाने वाले उदाहरणों में परिवर्तन ही संभव होते हैं। जहां बदलाव की आवश्यकता थी अथवा किसी अनावश्यक अध्याय को हटाए जाने की जरूरत थी, केवल उस पर ही काम किया गया है।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बदले गए थे 2024-25 में प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम
- विशेषज्ञों का कहना- अधिक बदलाव नहीं, वार्षिक का ही सेमेस्टर में विभाजन




### स्थानीय चीजों को प्राथमिकता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय चीजों को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। इसमें स्थानीय उदाहरणों के जरिए छात्रों को चीजें समझाए जाने और ऐसी सामग्री को पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रावधान था, जिससे विद्यार्थियों को सहायता मिल सके। इन बातों को ध्यान में रखते हुए 10 फीसदी तक ही परिवर्तन किए गए हैं। परीक्षा के पैटर्न में भी बदलाव किया गया है। अब प्रथम वर्ष के दोनों सेमेस्टर की तरह दूसरे और तीसरे वर्ष के दोनों सेमेस्टर में भी 70 प्रतिशत अंक थ्योरी के मिलेंगे, जबकि शेष 30 प्रतिशत अंक प्रायोगिक परीक्षाओं के होंगे। इसमें आंतरिक मूल्यांकन और टेस्ट के अंक भी शामिल रहेंगे।

### विभाग ने लौटाए थे सिलेबस

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2024 में लागू हुई थी। इसके पूर्व ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नवीन पाठ्यक्रम पर कार्य आरंभ कर दिया गया था। प्रत्येक विषय के लिए विशेषज्ञ प्राध्यापकों की टीम बनाई गई थी। प्राध्यापकों द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लौटा दिया गया था। प्राध्यापकों ने वार्षिक पाठ्यक्रम के सिलेबस को ही दो हिस्सों में विभाजित कर सेमेस्टर आधार पर पेश कर दिया था। अर्थात पुराने पाठ्यक्रम को ही तोड़-मरोड़कर पेश कर दिया गया था। इसके बाद नवीन पाठ्यक्रम तैयार किया गया था, जिसे पिछले वर्ष लागू किया गया।

# लोकसभा चुनाव की मानक दरें ही नगरीय निकाय चुनाव में होंगी लागू

- प्रत्याशियों को पुरानी दरों के अनुसार ही अपने खर्च का देना होगा ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




नगरीय निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा वाहन, लाइट, माइक, डेकोरेशन, भोजन, नाश्ता सहित विभिन्न मदों में किए जाने वाले व्यय के मानक दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जो मानक दरें तय की गई थीं, प्रशासन ने उसे पुनः लागू किया है। इस तरह नगरीय निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों के साथ प्रत्याशियों को पुरानी दरों के अनुसार ही अपने खर्च का ब्योरा देना होगा।

इसके तहत नाश्ता प्रति प्लेट 20 रुपए, चाय हाफ 6 एवं फुल 10 रुपए, भोजन की थाली 75 से 160 रुपए तक, पानी पाउच 80 पैसे, एक लीटर बोतल 15 रुपए 50 पैसे निर्धारित है। इस तरह प्रत्याशियों को अपने खर्च के ब्योरे में पाई-पाई का हिसाब देना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे की मौजूदगी में गत दिवस पूर्व रेडक्रॉस सभाकक्ष में राजनैतिक दलों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक हुई थी। इस बैठक में राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों जैसे वाहन, लाइट, माइक, शामियाना, डेकोरेशन, भोजन, वीडियोग्राफी एवं प्रचार सामग्री समेत विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय के मानक दरों पर लोकसभा चुनाव के दौरान तय की गई दरों पर ही सर्व सम्मति बनी। इस तरह अब इन मानक दरों के अनुसार ही राजनीतिक दल एवं प्रत्याशी चुनाव में व्यय किए जाने वाली राशि का ब्योरा देंगे। चुनाव के दौरान प्रत्याशी के पक्ष में राजनीतिक दल के नेता सभाएं आयोजित की जाती हैं। इसके लिए पंडाल-मंच का निर्माण किया जाता है। इसके लिए व्यय राशि 13 से 35 रुपए वर्गफीट प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित किया है। इसी प्रकार दरी व कारपेट नया 4 रुपए वर्ग फीट एवं पुराना 8 पैसे वर्गफीट प्रतिदिन, पंखा 90 रुपए, कूलर 3 सौ रुपए, जम्बो कूलर दो हजार रुपए, पेडेस्टल फैन 195 रुपए, प्लास्टिक चटाई 1.75 पैसे वर्गफीट प्रतिदिन, टेबल, तखत टेबल क्लाथ के साथ 60 रुपए प्रतिदिन निर्धारित है।

### वाहन, होटल व फर्नीचर का भाड़ा भी निर्धारित


चुनाव के लिए वाहन, होटल व फर्नीचर का भाड़ा भी निर्धारित किया गया है। इसके तहत पेट्रोल वाहन में वाहन चालक मजदूरी 540, ऑटो रिक्शा 550, ट्रेक्टरट्राली 810, टैम्पो 900, ट्रक 6000, ईरिक्शा 500, साइकिल 34 रुपए, इंडिका से लेकर इनोवा वाहन का 12 सौ रुपए से 3 हजार रुपए तक निर्धारित है। होटल व कमरों का प्रतिदिन का भाड़ा न्यूनतम 900 रुपए से लेकर 3100 रुपए है। इसी प्रकार फर्नीचर में प्लास्टिक कुर्सी एक नग 6 रुपए, सोफा सिंगल 210, सोफा डबल 360, वीआईपी कुर्सी 90, महाराजा कुर्सी 350 प्रतिदिन किराया निर्धारित है।

# भाजपा का संविधान को लेकर अब प्रदेशभर में चलेगा गौरव अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देशभर में कांग्रेस के संविधान बचाओ के जवाब में अब भाजपा ने भी संविधान को लेकर गौरव अभियान चलाने का फैसला किया है। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, कई मंत्रियों, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन के पदाधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में गौरव अभियान को लेकर कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए हैं।

इसी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को लेकर अटल शताब्दी वर्ष के लिए भी कार्यक्रम तय कए जाएंगे।



संगठन चुनाव को लेकर भी मंडल अध्यक्षों के चुनाव की समीक्षा की गई और जिलाध्यक्षों के चुनाव को लेकर निर्देश दिए गए। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शुक्रवार को यहां पहुंचे। उनके यहां आने के बाद ठाकरे परिसर में दोनों डिप्टी सीएम, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रामविचार नेताम, विधायक धरमलाल कौशिक, विक्रम उसेंडी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री रामू रोहरा, संजय श्रीवास्तव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी, कोर ग्रुप के सदस्य भी पहुंचे। इसके साथ बैठक की गई।

### होंगे कई कार्यक्रम

बैठक में मुख्य रूप में प्रदेश मे संविधान को लेकर गौरव अभियान चलाने का फैसला किया गया। इसको लेकर गोष्ठियां सहित कई तरह के कार्यक्रम होंगे। इनकी रूपरेखा और कार्यक्रमों की तिथियां जल्द तय की जाएगी। इसी के साथ अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष के लिए कई कार्यक्रम तय होंगे। अहिल्या बाई होलकर पर भी कार्यक्रम होंगे।

### मंडलों का विवाद निपटाने का फरमान

शिव प्रकाश ने संगठन चुनाव को लेकर भी समीक्षा की। इसमें मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर पूरी जानकारी ली। इसमें जहां पर भी विवाद की स्थिति बनी है और जहां के भी चुनाव रद्द या फिर स्थगित किए गए उनको जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है। इसी के साथ जिलाध्यक्षों के चुनाव भी पूरे करने के निर्देश दिए हैं।

### संगठन चुनाव पर हुई चर्चा : किरण देव

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, कोर ग्रुप से लेकर अन्य बैठकों में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठकों में संगठन के चुनाव की समीक्षा की गई। जिला अध्यक्षों के चुनाव को लेकर चर्चा हुई। पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई है। दो से तीन दिनों में जिला अध्यक्षों की नाम की घोषणा हो जाएगी।

# अमेरिकी संस्था ने क्यूसीएफआई को दिए दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ़ इंडिया (क्यूसीएफआई) पूरे देश में अपने क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स कन्वेंशन तथा विभिन्न क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के प्रशिक्षण के लिए जानी जाती है। क्यूसीएफआई पूरे देश में फैले अपने 35 चैप्टर्स के माध्यम से विभिन्न कन्वेंशन व प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरंतर आयोजन करती आ रही है। क्यूसीएफआई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस वर्ष दो वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए अमेरिकी संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन को आवेदन किया गया था। जिसके तहत अमेरिका से पधारे वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन के प्रतिनिधि क्रिस्टोफर टी क्राफ्ट ने नेशनल कन्वेंशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के संख्या तथा क्यूसीएफआई द्वारा 1 वर्ष में दिए गए कुल प्रशिक्षण अवधि की गहन जांच की। तत्पश्चात क्रिस्टोफर ने इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड की घोषणा की।

## जांच परख के बाद किया गया प्रमाण पत्र जारी



### सर्वाधिक भागीदारी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

ग्वालियर के आईआईआईटीएम मे आयोजित 'नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स' के किसी भी नेशनल कन्वेंशन में सबसे बड़ी भागीदारी का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। इसके तहत क्यूसीएफआई द्वारा ग्वालियर में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट कार्यक्रम में 12117 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी दी,जो एक ही छत के नीचे सर्वाधिक भागीदारी का एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना।

### सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस का विश्व कीर्तिमान

इसी प्रकार क्यूसीएफआई द्वारा 1 वर्ष में सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस 5204 दिनों का एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में भी कामयाबी हासिल की। क्यूसीएफआई को इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र व मेडल ग्वालियर के आईआईआईटीएम के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन के प्रतिनिधि क्रिस्टोफर टी क्राफ्ट द्वारा क्यूसीएफआई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव तथा क्यूसीएफआई के प्रेसिडेंट अविनाश मिश्रा को प्रदान किया। इस अवसर पर क्यूसीएफआई के वाइस प्रेसिडेंट जीपी सिंह सहित अन्य निदेशक विशेष रूप से उपस्थित थे।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में डीके की महत्वपूर्ण भूमिका

इन दोनों वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में ईडी डीके श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विदित हो की डीके श्रीवास्तव ने अब तक देश के प्रतिष्ठित 1000 से अधिक संस्थाओं के लगभग 2 लाख से अधिक कर्मचारी व अधिकारियों को प्रशिक्षित कर क्वालिटी के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। श्रीवास्तव ने 5 एस के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान को भी मजबूती प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके इस योगदान के चलते ही देश में क्वालिटी गुरु के रूप में उन्होंने अपनी एक अलग छवि बनाई है। श्रीवास्तव के कार्यकाल तथा नेतृत्व मे सर्वाधिक भागीदारी तथा सर्वाधिक प्रशिक्षण दिवस मे समग्र वृद्धि करने मे सफलता पाई है। इस कार्यक्रम में उपस्थित क्यूसीएफआई के वाइस प्रेसिडेंट जीपी सिंह सहित भिलाई चैप्टर के कोषाध्यक्ष वीके चौधरी, प्रशिक्षण प्रभारी सुनील त्रिवेदी, पीआरओ सत्यवान नायक तथा अन्य सदस्य भी इस वर्ल्ड रिकॉर्ड के साक्षी बने।

## खबर संक्षेप

### यात्री का मोबाइल चोरी तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रेन में यात्री का मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जीआरपी ने धारा 305 सी, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरपीएफ और जीआरपी ने अभियान चलाकर चेकिंग के दौरान ट्रेन 18240 शिवनाथ एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन दुर्ग के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंची। ट्रेन के जनरल डिब्बे में एक यात्री का मोबाइल, नगदी चोरी होने की शिकायत मिली। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध किस्म के युवक पीड़ित के साथ दिखाई दे रहे थे। जिसके आधार पर स्टेशन के बाहर सड़क पर चाय पीते हुए तीनों युवको को जीआरपी ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर सोनडोंगरी शिव शक्ति कॉलोनी कबीर नगर रायपुर निवासी प्रदीप चौधरी उर्फ सनी, रवि साहू, मोहम्मद निसार अपना नाम बताया है। तीनों युवकों ने मिलकर रायपुर से डोंगरगढ़ घूमने गए थे। डोंगरगढ़ से आते समय राजनांदगांव छूटने के बाद ट्रेन में यात्री सोया हुआ देख उसके पाकेट से मोबाइल व नगदी पार करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से मोबाइल, नगद 430 रुपए जब्त किया। उक्त सामानों की कीमत 12 हजार 930 रुपए आंकी गई है।

### दोष मुक्त प्रकरणों में होने वाली त्रुटियों को लेकर आईजी ने ली बैठक

**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने दोष मुक्त प्रकरणों में विवेचना में होने वाली त्रुटियों को रोकने और एनडीपीएस मामलों में होने वाली कमियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। इस दौरान उप संचालक अभियोजन और लोक अभियोजन के अधिकारियों की बैठक लिया। आईजी कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरणों में आरोपियों के दोषमुक्त होने के कारणों का विशलेषण किया गया। विवेचना में त्रुटियों को दूर करने, भौतिक साक्ष्य सावधानी पूर्वक एकत्र करने, प्रार्थी, गवाहों को उनके बयान पर कायम रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया। एनडीपीएस प्रकरणों की विवेचना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर चर्चा हुई। बैठक में अभियोजन की गुणवत्ता को सुधारने और न्यायालय में आरोपियों को दोष सिद्ध करने के लिए ठोस उपायों पर चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में उप संचालक बालोद प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक बेमेतरा कंचन पाटिल, लोक अभियोजक दुर्ग सुनील कुमार चौरसिया, एएसपी बेमेतरा ज्योति सिंह, एएसपी पदमश्री तंवर, बालोद अशोक जोशी, डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राज कुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक हेमंत त्रिपाठी, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम समेत पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

### प्लांट गैराज ने पहुंचे नए वाहन, बढ़ेगी संचालन क्षमता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लांट गैराज ने अपने फ्लीट (वाहन बेड़ा) में 7 नए एसएमएल पिकअप और 2 एलएंडटी व्हील लोडर जोड़कर बीएसपी की संचालन क्षमता को बढ़ाया है। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार बेहरा ने किया। परियोजना प्रबंधक- महाप्रबंधक बीडी बाबू, परियोजना समन्वयक - महाप्रबंधक प्रदीप्ता भौमिक भी उपस्थित थे। ईडी ने परिवहन क्षमता बेहतर होन की उम्मीद जताई।

## 31 दिसंबर 2024 तक आवास पूर्ण करने का नगरीय निकायों को था आदेश

# दिसंबर तक पीएम आवास पूर्ण नहीं होने पर फूटी कौड़ी का भी नहीं होगा भुगतान

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर कहा गया था कि, 31 दिसंबर 2024 के बाद जो मकान पूर्ण नही हुए है और 31 अक्टूबर 2024 तक मकान अप्रारंभ है। उनकी वित्तिय अनुदान राशि राज्य शासन द्वारा जारी नही की जाएगी। राज्य शासन ने साफतौर पर कहा था, कि इसके लिए निगम अपने स्तर से मकान तैयार कराएंगी। इस आदेश के बाद भी निकायों में सैकडों मकान अब तक पूर्ण नही हो पाए हैं। जिले के दुर्ग और भिलाई निगम में भी मकान जर्जर स्थिति में हैं।

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पीएम आवास को लेकर समीक्षणा की गई थी। जिसमें बडी संख्या में निकायों द्वारा मकान अप्रारंभ और अपूर्ण पाए गए थे। जिससे प्रारंभ करने पूर्व में 31 अक्टूबर 2024 को डेडलाइन दिया गया था, वही मकान पूर्ण करने की अवधि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई थी। उन्होने कहा था कि इसका पालन नही करने पर राज्य शासन वित्तिय अनुदान जारी नही करेंगी और निकाय अपने स्तर पर काम करेंगी। बता दे पीएम आवास शहरी के लिए केन्द्र ढाई लाख और राज्य डेढ लाख रूपए प्रदान करती हैं। नगरीय निकायों को योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवासों को अनिवार्यतः मिशन अवधि 31 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिये जाते रहे हैं, किन्तु योजना अवधि की समाप्ति के 2 माह पूर्व तक भी निकायों द्वारा अप्रारंभ, अपूर्ण आवासों को पूर्ण किये जाने में रूची नहीं ली जा रही है। जिसके चलते यह निर्णय राज्य शासन को लेना पडा हैं।

### राज्य शासन द्वारा जारी नहीं की गई है वित्तीय अनुदान राशि





खमरिया में अधूरा मकान



पुलगांव में अधूरा मकान

### केन्द्र सरकार ने मांगी थी रिपोर्ट

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बीएलसी और एएचपी घटक की जानकारी मांगी गई थी। अप्रारंभ आवासों को मिशन अवधि 31 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण किया जाना संभव नहीं है, ऐसे आवासों के रिपोर्ट केन्द्र ने राज्य को मांगे थे। इसलिए राज्य सरकार ने किसी भी स्थिति में 31 अक्टूबर तक मकान प्रारंभ करने व 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन ऐसा नही हुआ हैं। जिस मकानों की जानकारी केन्द्र ने मांगी थी। ताकि अपात्रों का नाम कटौती कर सके। राज्य ने आदेश में वित्तीय क्षति की स्थिति में संबंधित आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं योजना के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी के विरूद्ध जिम्मेदारी का निर्धारण कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाने की चेतावनी दी थी, जिसका उल्लेख सर्विस रिकार्ड में दर्ज होने की बाते कही गई थी।

### भिलाई में यहां बन रहे थे मकान पूर्ण नहीं

धमधा रोड माइल स्टोन स्कूल खम्हरिया के पास करीब आठ सौ मकान वर्ष 2018 से बन रहे है। साइड के कर्मचारियों की माने तो प्रोजेक्ट को वर्ष 2019 में पूरा कर लिया जाना था। लेकिन अब तक मकान पूरा नही हो सका है। मकान का पूर्ण निर्माण नही होने के कारण आबंटन भी नही हो सका है। सूत्रों ने बताया कि, यहां निर्माण छोडकर कई बार ठेकेदार पेमेंट नही होने क कारण भाग चुके है। हरिभूमि द्वारा साइड का पडताल किया गया। इस दौरान पाया गया कि, मकानों तक पहुंचने के लिए सर्विस रोड तक नही बनाया गया है और न ही पानी पहुंचाने पाइप लाइन सहित अन्य कार्य किए गए है। खम्हरिया साइड मे मोर मकान मोर चिन्हारी और मोर मकान मोर आस योजना के तहत 810 से अधिक मकान बन रहे है। लेकिन निर्माण पूरा नही हुआ हैं।

### मोर मकान, मोर चिन्हारी की स्थिति

| | मकान की संख्या | आबंटन की स्थिति |
|---|---|---|
| दुर्ग | 1502 | 296 |
| भिलाई | 3709 | 505 |
| चरौदा | 718 | 465 |

### मोर मकान, मोर आवास की स्थिति

| | मकान | आबंटन |
|---|---|---|
| दुर्ग | 133 | 153 |
| भिलाई | 3406 | 691 |
| चरौदा | 309 | 51 |
| रिसाली | 529 | 15 |

### बुनियादी सुविधा का भी पता नहीं

पीएम आवास योजना के तहत नगरीय निकायों में बन रहे मकानों में न तो सडक बनाया गया है और न ही पेयजल के लिए इंतजाम किए गए है। यही नही बिजली भी नही पहुंचाई गई है। इसके बाद भी मकान आबंटन कर दिया गया है। हालात यह हैं कि बुनियादी सुविधा दुरूस्त नही होने के कारण आबंटन के बाद हितग्राही शिफ्ट तक नही हो रहा है। दुर्ग में ही पोटियाकला, पुलगांव, बोरसी में व्यवस्था दुरूस्त नही की गई है।

### लगभग प्रारंभ

दुर्ग में बीएलसी के मकान तो प्रारंभ हो गए हैं। इसमें 53 मकान ही पूर्ण होना बाकी है, वहीं एचपी मकान निर्माणाधीन हैं।

दिनेश नेताम, नोडल अधिकारी, कार्यपालन अभियंता दुर्ग

### पुलगांव में एक भी मकान पूर्ण नहीं

पुलगांव के गोकुल नगर में करीब साढे तीन सौ आवास बनाए गए है। हरिभूमि ने यहां पडताल किया, जिसमें पाया गया कि, भवन में खिडकी व दरवाजे तक नही लगाए गए है। यही नहीं पीएम आवास के आलावा यहां ठेकेदार को नाली और सडक भी बनाना था। लेकिन वर्तमान में यहां खिचड के कारण भवन में प्रवेश करना मुश्किल हैं। नालियां भी अधूरी छोड दी गई है। करोडों रूपए खर्च कर बनाए गए पीएम आवास जर्जर होने लगा है। नगरनिगम द्वारा यहां न तो बिजली की व्यवस्था की गई हैं और न पानी और सडक की बुनियादी सुविधा है। यही कारण हैं कि, पीएम आवास बसने से पहले जर्जर स्थिति में पहुंच गई हैं। यहां एक भी मकान आबंटित नहीं हुआ हैं। इसी तरह बोरसी मां कर्मा, फार्चून हाईट पोटियाकला, गणपति विहार और सरस्वती नगर में कुछ मकानो का आबंटन भी हो गया है, लेकिन यहां भी सडक, बिजली पानी का अभाव हैं।

### एएचपी क्या है

जो लोग बाहर से माइग्रेट होकर शहर में आए हैं, इस स्टेट के हैं और उनके पास रहने को घर नहीं है, उन्हें एएचपी के तहत मकान आवंटित किया जाने का प्रावधान हैं। यदि कोई स्लम बस्ती को शिफ्ट किया जाता है तो उसे भी एएचपी के तहत मकान दिया जाता है।

**बीएलसी क्या है:** यदि आपके पास खुद की जमीन है और आप उस पर मकान बनाना चाहते हैं तो बीएलसी के तहत आपको राशि उपलब्ध कराई जाती है। आपको चार किस्तों में इस राशि का भुगतान किया जाता है।

# होटल की लिफ्ट से गिरकर युवक की मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

होटल के चौथे माले में लगे लिफ्ट से गिरकर युवक का मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गुरुवार की देर रात सुपेला के चन्द्रा-मौर्या टाकीज के पास बने चौहान स्टेट में संचालित जुमांजी होटल है। जहां युवक चौथे माले की लिफ्ट से गिर गया। घटना में उसकी मौत हो गई। युवक का नाम वार्ड 17 सुपेला निवासी विनय गुप्ता 32 वर्ष है। युवक आकाशगंगा मार्केट में नारियल पानी बेचता था। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया गया। पुलिस संदेह जता रही है कि वापस आते समय युवक विनय लिप्ट का प्रयोग करने दरवाजा खोला, लिफ्ट आई भी मगर तब वह भीतर नहीं गया। कुछ देर बाद जब लिफ्ट नीचे चली गई तो युवक दरवाजा खोल भीतर चला गया। लिफ्ट केज में वह नीचे रूकी लिफ्ट के ऊपर गिरा जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक विनय नशे में था और काफी देर से वह चौहान स्टेट के फ्लोर पर देखा गया। आशंका है कि नशे की हालत में वह लिफ्ट केज के गड्ढे में जा गिरा होगा। मृतक विनय गुप्ता घर का बड़ा बेटा था। मौत की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि विनय के मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



- सुपेला पुलिस मामले को मान रही संदिग्ध, जुटी जांच में

## पंडवानी गायिका तीजन के सह कलाकार सफीन दास भी अस्वस्थ, कलाकारों ने की मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले डेढ़ साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई की तरह अब उनके एक सहकलाकार भी हार्ट की बीमारी से जूझ रहे हैं। लोक कलाकार सफीनदास मानिकपुरी को तबियत खराब होने पर शंकराचार्य अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। कलाकारों ने शासन से उनकी मदद की गुहार की है। पंडवानी गायिका तीजन बाई की मंडली के हारमोनियम वादक और लोक कलाकार 58 वर्षीय सफीन दास मानिकपुरी स्वास्थ्य खराब होने पर 24 दिसंबर को परिजनों द्वारा शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। चार दिन आईसीयू में उपचार के बाद उन्हें वार्ड में शिफ्ट किया गया है। तीजन बाई की मंडली में वर्षों साजिंदे के रुप में उनके साथ विदेश व देश में कई जगह वादन कर चुके आकाशवाणी के वरिष्ठ ग्रेड कलाकार रहे सफीनदास एक अच्छे बांसुरीवादक, गायक और छत्तीसगढ़ी फिल्मों के कलाकार व गीतकार भी हैं। उनके गीतों को प्रसिद्ध लोक गायिक ममता चंद्राकर, अलका चंद्राकर व सुनील सोनी, मिथलेश साहू,कुलेश्वर ताम्रकार व अनुपमा मिश्र स्वर दे चुके हैं। उनके थोकन धीरे धीरे नाच ले सुंदरिया, जामुल बाजार मा देखेव हजार मा आदि गीत चर्चित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्देशक संतोष जैन निर्देशित टेली फिल्म किरिया में अभिनय भी किया है। कलाकारों ने गरीबी से जूझ रहे सफीनदास मानिकपुरी के इलाज के लिए मदद की गुहार की है।



## गांव को स्वच्छ बनाये रखने ग्रामीणों ने ली शपथ

**बालोद।** ग्राम देवरी बंगला के ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छता और पर्यावरण को बनाए रखने का नए वर्ष में शपथ ली। इस दौरान ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने कहा उनका गांव साफ सुथरा रहे और पर्यावरण को मजबूत करने पौधे लगाकर शुद्ध वातावरण बनाने के सभी मिलकर कार्यकरें और जागरूकता फैलाएं। यह जानकारी सतीश सिंह देवरी बंगला ने दी।

### कचरा फेंकने को लेकर विवाद दंपति के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** न्यायालय के आदेश के बाद मोहन नगर पति पत्नी के खिलाफ धार 294, 427, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी दंपति रोजाना कचरा फेंकते थे। जब इसका विरोध पड़ोस की महिला ने किया तो आरोपियों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। लेकिन महिला ने विरोध करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया। प्रकरण में आदित्य नगर दुर्ग निवासी नीता मौर्य ने न्यायलय दुर्ग में परिवाद दायर किया। पीड़िता के मुताबिक उसके घर के पीछे एक दरवाजा है। परिवार के सभी लोग उस दरवाजों का उपयोग करते हैं। जहां विनय कुमार मुखर्जी और उसकी पत्नी शुभ्रा मुखर्जी का भी मकान है।

## संघर्ष समिति ने किया नगर सेवा का घेराव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तोड़ दस्ते के द्वारा टाउनशिप में बेजा कब्जा हटाओ कार्रवाई को अवैध बताते हुए प्रभावित आवासधारियों ने शुक्रवार को इसके खिलाफ कार्रवाई के खिलाफ नगर प्रशासन विभाग कार्यालय का घेराव किया। सेक्टर 2,4 व सेक्टर पांच के लोग उपस्थित थे। संघर्ष समिति यूनियन 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर रोक की मांग प्रबंधन से की गई। यूनियन अध्यक्ष संतोष सिंह व कुलदीप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन में प्रभावितों ने बताया कि संयंत्र के द्वारा पिछले कुछ महीनों से लगातार जो मकान डैमेज नहीं है उसको भी डैमेज घोषित करके और उससे भी डैमेज मकान देने का फरमान जारी किया है । जबकि हम जो लाइसेंस के मकान में रहते हैं वह बहुत अच्छी स्थिति में है। प्रबंधन द्वारा जिन मकानों में हम लोगों को जाने के लिए बोला जा रहा है उन मकानों में किसी का कब्जा है । कुलदीप सिंह ने बताया कि कलेक्टर व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे को पीड़ित पक्षों के द्वारा अपनी मांग पत्र सौंपकर स्थाई निराकरण उच्च स्तरीय पहल कर करने की मांग की गई है । सभी लोगों ने कहा कि बिल्डिंग को जर्जर बनाने की, जो साजिश की जा रही है, उस पर तत्काल रोग लगाई जाए।

- बेजा कब्जा हटाओ कार्रवाई पर रोक की मांग

## पेज 11 के शेष...

### मां सियादेवी का...

राम की परीक्षा ली, लेकिन भगवान राम ने उन्हें पहचान लिया और मां के रूप में संबोधन किया। माता पार्वती को इस घटना से अपराध बोध हुआ। उन्होंने इस संबंध में भगवान शिव को बताया और क्षमा मांगी तब शिवजी ने मां पार्वती को देवी सीता के अवतार में इसी स्थान में विराजमान होने के लिए कहा। तभी से यह स्थान सिया देवी माता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि यहां बहुत सी धार्मिक एवं आध्यात्मिक मान्यताएं हैं। यहां पहुंचे पर्यटक ने बताया कि वे खैरागढ़ से यहां आए हैं। उन्हें यहां की प्राकृतिक सुंदरता और मां सियादेवी का मंदिर देखकर काफी खुशी मिली है। उन्होंने बताया कि यहां अच्छा पर्यटन को विकसित करने बेहतर कार्य किया गया है, सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं देखकर अच्छा लगा। इसी प्रकार यहां महाराष्ट्र के भण्डारा से पहुंचे पर्यटक ने बताया कि वे पहली बार इस स्थान पर आए हैं, उन्हें यह स्थान बहुत ही अच्छा लगा, घुमने और प्राकृतिक खुबसुरती का आनंद लेने के लिए यह बहुत ही उपयुक्त स्थान है। जिला प्रशासन बालोद और पर्यटन विभाग द्वारा मां सियादेवी नारागांव में पर्यटन को बढ़ावा देने मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। यहां सीसीरोड, बेरिकेट, सीढ़ियां, पेयजल, शौचालय, सोलर लाइट, शेड, भवन सहित बैठक आदि की भी व्यवस्था है। बालोद जिले के ग्राम सांकरा क से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नारागांव होते हुए यहां पहुंचा जा सकता है।

### पत्रकार की ...

मारपीट करना, ऐसे उत्पीड़न से पत्रकारों को गुजरना पड़ता है, इन सबके लिए कड़ा कदम उठा जाए, पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में जिस भी अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला प्रेस क्लब ने कहा की शोक की इस घड़ी में पत्रकार संघ अपने साथी मुकेश चंद्राकर के परिवार के साथ खड़ा है। आगे उनके परिवार को न्याय दिलाने अपनी आवाज लगातार बुलंद करते रहेगा।

### पुरुर में मड़ई 8 से....

परिवार परतेवा जिला गरियाबंद, रेशमी मानस परिवार बिरकोनी जिला महासमुंद, श्री नवदुर्गा रामायण समिति आमगांव जिला राजनांदगांव, रुद्राक्ष मानस परिवार करंजा भिलाई जिला दुर्ग, नवदीप महिला मानस परिवार अंबागढ़ चौकी जिला मानपुर मोहला, मंदाकिनी मानस परिवार नूंछापार जिला कबीरधाम एवं द्वितीय दिवस 11 जनवरी शनिवार को भरत भाई मानस परिवार भटगांव जिला धमतरी, प्रचंड महाकाली जंगलिहा मानस परिवार केवटीनटोला जिला उत्तर बस्तर कांकेर, हे मां शारदे संपूर्ण बालिका मानस परिवार रंजीतपुर जिला कबीरधाम, शिवम मानस परिवार करमदा जिला बलौदाबाजार, मंगलदीप मानस परिवार रामाटोला जिला राजनांदगांव, शारदा मानस परिवार भरदागोड़ छुईखदान जिला खैरागढ़ की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम के जितेंद्र यादव, कमलदेव साहू, अरुण प्रजापति ने दिया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्थानांतरण पर दो कर्मचारियों को दी विदाई

**बालोद।** जिला योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से पदस्थ सुरेश कुमार बंजारे व सुरेन्द्र सिंह ठाकुर का स्थानांतरण होने पर विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां जिला योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग बालोद से सुरेश कुमार बंजारे का आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय नवा रायपुर अटल नगर व सुरेन्द्र सिंह ठाकुर को जिला योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग बीजापुर में पदस्थापित किया गया है। यहां विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर विदाई दी गई तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके साथ बिताए गए पुराने यादों को सभी ने अपने अपने तरीके से ताजा किया।

### लेफ्टिनेंट वीणा का भाजपा मंडल ने किया सम्मान



**बालोद।** जिले के अंतर्गत बालोद विकासखंड के ग्राम जमरूवा निवासी वीणा साहू के लेफ्टिनेंट पद पर सेना के अस्पताल में सेवा दे रही है। उनके गांव लौटने पर भाजपा बालोद मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पहुंचकर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, पार्षद राजू पटेल, पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, रविप्रकाश पांडेय, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, पंकज आहूजा, अजय बाफना, चिंताराम साहू, एवन साहू, कमल बजाज उपस्थित थे।

### विधायक संगीता ने कलामंच निर्माण का भूमिपूजन किया



**गुरूर।** ग्राम सोनईडोंगरी में कलामंच निर्माण कार्य की भूमिपूजन संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के मुख्य अतिथि में हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सादिक अली, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरुर टोमन साहू, उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर दुर्गुराम सिन्हा, ज़ोन अध्यक्ष सुमीत राजपुत, सेक्टर अध्यक्ष गुलेन्द्र कतलाम, ग्राम पंचायत के सरपंच बरसन ग्वलावंशी, उपसरपंच एनु कोठारी एवं समस्त पंचगण सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### कबीर सत्संग में संतों से आशीर्वाद लेने पहुंचे जनप्रतिनिधि




**गुरूर।** ग्राम खुंदनी में दो दिवसीय कबीर सत्संग आयोजित है, जहां कबीर सत्संग कार्यक्रम में क्षेत्र की जनपद सदस्य संध्या साहू, भाजयुमो महामंत्री अजेन्द्र साहू ने संतों से आशीर्वाद लिया।

## निधन

### किशन गंजीर

**गुण्डरदेही।** ग्राम परसदा (मोखा) निवासी किशन गंजीर का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे देवंतीन गंजीर के पति और टेकराम गंजीर, मोहित गंजीर, जितेंद्र गंजीर के पिता थे।



# गायत्री मंत्र मनुष्य की बुद्धि को सन्मार्ग की ओर ले जाती है और प्रदान करता है देवत्व

## प्रज्ञापुराण कथा व पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा ग्राम सोंहपुर में 3 से 5 जनवरी तक प्रज्ञापुराण कथा व पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। इसमें प्रथम दिवस मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के अधिक संख्या में पीतवस्त्रधारी महिलाओं ने भाग लिया। समापन आज रविवार को होगा। पूरे ग्राम को मंगलगीत संकीर्तन करते हुए तालाब में वरुण जल देवता का विशेष पूजन कराते गायत्री परिवार के राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि कलश को विश्व ब्रम्हांड का प्रतीक प्रतिनिधि माना गया है। कलश के अंदर सात समुद्र एवं गंगा यमुना को पवित्र निर्मल जल कहा गया है। कलश में ब्रह्मा, विष्णु एवं शंकर विराजमान हैं, इसमें चारों वेद का ज्ञान भरा है एवं सभी भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं। सायंकालीन संगीतमय प्रवचन उद्बोधन करते हुए शांतिकुंज की क्षेत्रीय टोली के रूप में मंच पर विराजमान प्रज्ञापुत्री ब्रह्मवादिनी ने कहा कि गायत्री मंत्र ही मनुष्य की बुद्धि को सन्मार्ग की ओर ले जाती है और देवत्व को प्रदान करती है। इसी की साधना उपासना से सतयुगी वातावरण का निर्माण होता है। भारतीय संस्कृति में यज्ञ पिता गायत्री माता का स्वरूप बताया गया है। प्रज्ञापुराण मनुष्य के अंदर प्रज्ञा अर्थात दिव्य सद्ज्ञान का जागरण करती है। वर्तमान समय में बुद्धि की अनगढ़ता के कारण नाना प्रकार की अनाचार हो रहा है। इसका समाधान मात्र गायत्री मंत्र ही है। ज्यादा से ज्यादा गायत्री मंत्र को अपने जीवन में शामिल करने की आवश्यकता है। द्वितीय दिवस भी प्रज्ञापुराण कथा एवं शायंकालीन दीपयज्ञ होगी एवं अंतिम दिन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराये जाएंगे।






## मामला घुघुवा व सांकरा सोसायटी का, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# धान खरीदी केंद्रों में किसानों की कमाई पर डाला जा रहा है डाका

### सांकरा धान खरीदी केंद्र में भी प्रति बोरा 1 से 1.5 किलो अधिक तौल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों की धान खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्रों में बरती जा रही मनमानी और किसानों की खून पसीने की कमाई पर डाका डालने का काम किया जा रहा है। प्रति बोरा 40.580 किलोग्राम धान की तौलाई की जानी है, लेकिन खरीदी केंद्रों में एक किलो 500 ग्राम या फिर दो किलोग्राम धान ज्यादा ले रहे हैं। मामला घुघुवा एवं सांकरा सोसायटी का है जहां पर निर्धारित मात्रा से ज्यादा धान तौला जा रहा था।

सेवा सहकारी समिति पंहडोर के उपकेंद्र घुघुवा में गुरुवार को तौलको द्वारा अधिक धान तौले जाने की शिकायत एसडीएम पाटन को किया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच टीम भेजा गया। जहां पर शिकायत सही मिला। किसानों ने बताया कि धान खरीदी में प्रति बोरा 4 से 5 किलो अधिक धान तौला जा रहा था। नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, सहकारिता निरीक्षक चंद्रवंशी द्वारा उपकेंद्र घुघुवा पहुंचकर धान तौलने पर प्रति बोरा 40 किलो से अधिक धान तौला जाना पाया गया। अगर अधिकारी सोसायटियों में दौड़ लगाना शुरू कर दिया तो हर सोसायटियों में मिलेगा डंडी का खेल लेकिन अधिकारी मीटिंग से ही फुरसत ही नही रहता है तो इसीलिए सोसायटी के प्रबंधक लाभ उठा रहे हैं। तौले गए 2024 कट्टा धान की शुक्रवार को दुबारा तौलाई होगी। साथ ही दो इलेक्ट्रानिक तराजू को सील किया गया। शुक्रवार को नया तराजू से तौलाई की जाएगी। इसी तरह सेवा सहकारी समिति सांकरा में भी प्रति बोरा 1 से 1.5 किलो अधिक धान तौलकर किसानों की जेब में डांका डालने का काम किया जा रहा था।






#### जांच के दौरान तौल में गड़बड़ी मिली

“ घुघवा धान खरीदी केंद्र में निर्धारित माप से अधिक धान तौलने की शिकायत मिली थी जिस पर तहसीलदार एवं सहकारिता निरीक्षक की टीम बनाकर धान खरीदी केंद्र में जांच में गए थे जो सही पाया गया है और आगे जांच जारी है।

**लवकेश ध्रुव,** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन

#### धान तौलक शराब के नशे में थे

“ जिस समय धान तौला जा रहा था उस समय पंहडोर में था। जानकारी मिलने पर घुघुवा पहुंचा तब पता चला कि धान तौलक शराब के नशे में थे। साथ ही तराजू में खराबी था।

**घनश्याम साहू,** समिति प्रबंधक पंहडोर

# प्राथमिक स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में मेगा पालक शिक्षक बैठक (तृतीय) एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच उमा ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगा राम निषाद एवं पंचगण तोमन सिंह लाटिया, वीरेंद्र निरोटी शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं बेगलेश डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अर्द्धवार्षिक परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत तृतीय मेगा पालक शिक्षक बैठक की गई। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य छात्र- छात्राओं के परीक्षा परिणाम का वाचन कर माता पिता और शिक्षकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना, छात्र के प्रदर्शन व उपलब्धि की समीक्षा करना और आगामी पाठ्यक्रमों एवं गतिविधियों पर चर्चा करना है। बच्चों द्वारा सहपाठियों के साथ मिलकर सीखने, गली मित्र बनाकर पढ़ने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पंचायत सचिव द्वारा बालसभा में बच्चों को शारीरिक स्वच्छता का महत्व, स्वच्छता के लिए आवश्यक उपाय और दिनचर्या, छात्रों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के उपाय, विद्यालय की स्वच्छता संबंधी गतिविधियां विषयों पर प्रकाश डाला गया। सरपंच ने सभी उपस्थित पालक को बच्चों में नैतिक शिक्षा के रोपण के प्रथम सीढ़ी माता- पिता अर्थात परिवार को बताया। पालकगणों को बच्चों में बचपन से अच्छे संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर बड़ी संख्या में पालक एवं शाला के प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, सुनीता साहू, कुमार संभव देवांगन, राजेश्वरी साहू, योग शिक्षिका दिव्या भारती उपस्थित थीं।

# कुम्हली में मना अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

ग्राम पंचायत कुम्हली में अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई उत्सव मनाया गया। चेतना साहू और माधुरी सिन्हा का गोदभराई कराते हुए पोषाहार श्रृंगार सामग्री के साथ श्रीफल भेंट कर दोनों महिलाओं के स्वस्थ जच्चा बच्चा की मंगल कामना करते हुए सम्मान किया गया। नन्हा सा बालक उत्कर्ष को खीर पूरी खिलाकर कटोरी चम्मच भेंट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच धनेश साहू, सचिव गेंदालाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में जमुना देवी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, नेमेश्वरी मार्कण्डेय का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा। यह उत्सव जच्चा बच्चा के लिए है सुनहरा अवसर सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि सरकार ने गर्भवती माताओं और नन्हें बच्चों के आहार चर्या पर स्वास्थ के अनुकूल आंगनबाड़ी मितानिन को व्यवस्था देकर सराहनीय योगदान किया है। शासन प्रशासन के इस योगदान से गांवों में जच्चा बच्चा स्वास्थ अच्छा होने लगा है। सबसे अच्छी बात यह हैं गांव के अधिकांश लोग इसका लाभ उठाते हैं स्वस्थ और मस्त रहते हैं।





### धनोरा की पावन भूमि पर गूंजेगी श्रीराम कथा

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की तरह इस साल भी माघी पूर्णिमा पर श्री हनुमंत कथा श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ होने जा रहा है। माघी पूर्णिमा पर 65वर्ष से इस ग्राम में हर साल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होते आ रहा है, लेकिन दो वर्ष से महावीर उद्यान पर श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी महावीर उद्यान पर भव्य श्री हनुमंत कथा श्रीराम कथा और शतचंडी महायज्ञ विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 4 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री हनुमंत कथा पं. दीपक पाण्डेय के मुखारविंद से एवं श्रीराम कथा 8 से 12 फरवरी तक कथा वाचक अनंत श्री विभूषित हनुमंतदार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज चित्रकुट धाम उत्तर प्रदेश के द्वारा एवं यज्ञ समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं कथा समय 1 से शाम 5 बजे तक हर रोज 12 फरवरी माघी पूर्णिमा मेला एवं रात्रि में 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति होगी।

# वार्षिकोत्सव में छात्र हुए सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा दुर्ग में वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत अंडा उमा देवी चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, डीपी चंद्राकर, डीडी साहू, जयराम चंद्राकर, बेदनाथ भरद्वाज, फेकूराम चंद्राकर, छगन लाल चंद्राकर, खोरबाहरा राम निर्मलकर, रमेश सेन, लुकेश देवांगन, जंगला दास चेलक, सीमा जाम्बुलकर प्राचार्य, विजयलक्ष्मी राव प्रधान पाठक आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 12वीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के प्रतिभागी रोहन देशमुख, खुमेंद ठाकुर, सोमेश साहू, हेमेश देशमुख एवं व्याख्याता रेणुका चंद्राकर को सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्रदान करने वाले व्याख्याताओं ममता वर्मा , एल के देशमुख, सुधा चेलक, एस मेश्राम, चांदमाला, दामिनी साहू को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना कराने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। गया। देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवनी एवं मार्डन टेक्नोलॉजी के उपयोग पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा को मंत्र मुग्ध कर दिए।

## नव विवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** राजहरा के वार्ड 23 निवासी नवविवाहित महिला ने अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी अनुसार माया हरपाल 22 वर्ष ने शुक्रवार रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। राजहरा पुलिस के अनुसार पति-पत्नी का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद महिला घर के छत में लगे पाइप में चुन्नी से लटक कर झूल गई। परिवार द्वारा महिला को वहां से उतारकर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतिका का लगभग 1 साल पहले सूरज हरपाल के साथ विवाह हुआ था और मायका सुपेला है। मृतका के परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं है, हमारी बेटी की हत्या की गई हैं। मौके पर तहसीलदार व पुलिस टीम पहुंच कर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं राजहरा पुलिस द्वारा हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# रासेयो ने मुंदेरा में लगाया सात दिवसीय शिविर

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम मुंदेरा में 3 जनवरी को शुभारंभ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक धीराज सिंह साहू थे। अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति कलंगपुर विकास जैन, सरपंच कमलेश साहू, गोविंद सिन्हा, शिक्षक गौतम दिल्लीवार, प्रभारी प्राचार्य कलंगपुर डीएल साहू, शिक्षक एचएल साहू, पंच शिवदास साहू, बीएस धनकर, डीके महोबिया, एएस साहू, टीके साहू, बी साहू, टीसी मंडावी, केएल कुर्रे की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संचालन कार्यक्रम अधिकारी आरएन साहू ने किया।




## कल से गायत्री महायज्ञ एवं पवन प्रज्ञा पुराण कथा शुरू होगी

# गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ पर आज निकलेगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा


अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम पसौद देवरी बंगला तहसील डौंडीलोहारा में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं आदिशक्ति माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में 5 जनवरी से पांच दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है।



गायत्री परिवार के कार्यकर्ता शंकर यदु ने बताया कि वर्तमान समय युग परिवर्तन की संधि बेला है, जिसमें आस्था संकट, अनीति, शोषण आतंक, भ्रष्टाचार, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, विचारों में परिवर्तन, मनुष्य के जीवन में भारी उधर-पुथल का संकट आ रहा है। इसके निवारण करने के लिए इस समय यज्ञ और वैदिक मंत्रों द्वारा वातावरण को शुद्ध और शोधन करने की आवश्यकता है। इसी तारतम्य में 5 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से भव्य कलश मंगल यात्रा, दीप प्रज्वलन, देवस्थापन का कार्यक्रम होगा, 6 जनवरी सोमवार को प्रातः 9 बजे से 12 तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दोपहर 3 बजे से पवन प्रज्ञा पुराण कथा, 7 जनवरी मंगलवार को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ तथा दोपहर 3 से 5 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा, 8 जनवरी बुधवार को प्रातः 9 से 12 तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, दोपहर 3 से 5 बजे तक पवन प्रज्ञा पुराण कथा, शाम 5 से 7 बजे तक दीप महायज्ञ, मंगल आरती, 9 जनवरी को प्रातः 9 से 2 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ विभिन्न संस्कार पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, जन्मदिवस, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह दिवस आदि संस्कार निःशुल्क संपन्न किए जाएंगे। इस कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी हो चुकी है। इस कार्यक्रम को मयाराम यदु, खिलावन पटेल, राधा पटेल, केसर यदु, शंकर यदु, भुवन देवांगन, उर्मिला साहू, अशोक साहू, यादराम साहू तथा सभी सक्रिय परिजनों का सहयोग मिल रहा है।

### भागवत कथा सुनने पहुंचीं विधायक संगीता

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन के कथा में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। यह आयोजन नगर गुरुर के महिला समिति के माध्यम से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। विधायक संगीता सिन्हा ने महिला समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस महंगाई में गांव के 10–12 महिलाओं द्वारा समिति बनाकर इतना अच्छा आयोजन कर पाना इनके दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाता है, विधायक ने समिति के सदस्यों को शुभकामना देते हुए कहा की भागवत कथा का आयोजन तभी सार्थक होगा जब हम सुने हुए बातों को अपने जीवन में उतारे। विधायक के साथ नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष महिमा साहू, मनोज साहू, मालती सिन्हा, द्रोपति खत्री सहित नगरवासी गुरुर उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com



शिमला मनाली
4 रात व 5 दिन Ex दिल्ली
04 फरवरी से 08 फरवरी 2025
20 मार्च से 24 मार्च 2025,
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500/- (+ 5% GST )
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411